**Series : OSS/1**

Code No. / कोड नं. **59/1/1**

**Roll No.**
**रोल नं.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# POLITICAL SCIENCE
# राजनीति विज्ञान

*Time allowed : 3 hours]* *[Maximum marks : 100*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 100*

**General Instructions :**

*(i)* ***All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question numbers **1** to **10** are of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii)* *Question numbers **11** to **20** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv)* *Question numbers **21** to **30** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v)* *Question numbers **31** to **35** are of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

*(vi)* *Question number **30** is based on the map. Write the answers of this question in the Answer-Book.*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या 1 से 10 का प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या 11 से 20 का प्रत्येक प्रश्न **दो** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या 21 से 30 का प्रत्येक प्रश्न **चार** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या 31 से 35 का प्रत्येक प्रश्न **छः** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या 30 मानचित्र से सम्बन्धित है । अपनी उत्तर-पुस्तिका में इस प्रश्न के उत्तर लिखिए ।*

1. When did the era of U.S. hegemony start ? **1**

   अमरीकी वर्चस्व का युग कब आरम्भ हुआ ?

2. Highlight any **two** facts showing cordiality in the relationship between India and the United States. **½ + ½ = 1**

   भारत तथा अमरीका के बीच सौहार्दता (मित्र-भाव) को दर्शाने वाले किन्हीं **दो** तथ्यों को उजागर कीजिए ।

3. Write the full form of I.M.F. **1**

   आई.एम.एफ. का विस्तृत रूप लिखिए ।

4. Fill in the blanks with appropriate words :

   Ban Ki Moon is the 8th UN ________. He is the citizen of ________. **½ + ½ = 1**

   रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त शब्दों द्वारा कीजिए :

   बान की मून संयुक्त राष्ट्र का आठवाँ ________ है । वह ________ का नागरिक है ।

5. When and by whom was the 'tryst with destiny' speech delivered ? **½ + ½ = 1**

   'भाग्यवधू से चिरपरिचित भेंट' (ट्रिस्ट विद् डेस्टिनी) शीर्षक वाला भाषण किसके द्वारा तथा कब दिया गया था ?

6. In the first general election, how many seats did the Congress win ? How many seats did the next largest party (CPI) win ? **½ + ½ = 1**

   प्रथम आम चुनाव में, कांग्रेस को कितनी सीटें मिलीं ? दूसरे स्थान पर आने वाला दल (भारतीय साम्यवादी दल) कितने स्थानों पर विजयी रहा ?

7. Why are the results of 1967 elections in India called 'political earthquake' ? 1

भारत में 1967 के चुनावों के परिणामों को 'राजनीतिक भूचाल' क्यों कहा जाता है ?

8. Who was Charu Majumdar ? 1

चारु मजूमदार कौन था ?

9. What is meant by 'party based movements' ? 1

'दल आधारित आंदोलनों' से क्या अभिप्राय है ?

10. Correct and rewrite the statement given below :

The 'Right to Information' Bill was tabled in 2002 and received the Presidential assent in January, 2005. ½ + ½ = 1

निम्न कथन को सही करके पुन: लिखिए :

'सूचना का अधिकार' सम्बंधी विधेयक सदन के पटल पर 2002 में रखा गया तथा जनवरी, 2005 में इस विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली ।

11. List any **two** consequences of 'Shock Therapy'. 1 + 1 = 2

'शॉक थेरेपी' के किन्हीं **दो** परिणामों को सूचीबद्ध कीजिए ।

12. Why did the Soviet Union disintegrate ? Highlight any **two** arguments in support of your answer. 1 + 1 = 2

सोवियत संघ का विघटन क्यों हुआ ? अपने उत्तर के समर्थन में किन्हीं **दो** तर्कों पर प्रकाश डालिए ।

13. Mention any **two** steps taken by China to improve its economy. 2 × 1 = 2

अपनी आर्थिक व्यवस्था सुधारने के लिए, चीन द्वारा उठाए गए किन्हीं **दो** कदमों का उल्लेख कीजिए ।

14. State any **two** objectives of the Human Rights Watch. 2 × 1 = 2

ह्यूमन राइट्स वाच के किन्हीं **दो** उद्देश्यों को लिखिए ।

15. What is meant by the concept of 'common but differentiated responsibility' ? 2

'जिम्मेदारी साझी, भूमिकाएँ अलग अलग' इस धारणा से क्या अभिप्राय है ?

16. Identify the concept out of liberty, equality, democracy and fraternity to which India was deeply committed during our freedom struggle. 2

स्वतंत्रता, समानता, लोकतंत्र तथा भ्रातृत्व की धारणाओं में से उस एक को पहचानिए जिसके प्रति भारत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पूर्णतया प्रतिबद्ध था ।

17. What is meant by 'Coalition' ? During which period did this type of government gain popularity for the first time at the centre in India ? 1 + 1 = 2

'गठबंधन' से क्या अभिप्राय है ? भारत में केंद्रीय स्तर पर ऐसी सरकार पहली बार कब लोकप्रिय हुई ?

18. What was Shimla Agreement ? Name its signatories. 1 + ½ + ½ = 2

शिमला समझौता क्या था ? इस पर हस्ताक्षर करने वालों के नाम लिखिए ।

19. List any **two** problems faced by the Government of India after 1971-72. $2 \times 1 = 2$

1971-72 के पश्चात, भारत सरकार के समक्ष आने वाली किन्हीं **दो** समस्याओं को सूचीबद्ध कीजिए ।

20. Mention any **two** issues raised by the Dalit Panthers. $2 \times 1 = 2$

दलित पैंथर्स् के द्वारा उठाए गए किन्हीं **दो** मुद्दों का उल्लेख कीजिए ।

21. Why did the Super Powers have military alliances with the small countries ? State any **four** reasons for it. $4 \times 1 = 4$

महाशक्तियों को छोटे देशों के साथ सैनिक गुट बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी ? कोई से **चार** कारण लिखिए ।

22. Why did India and China both, view themselves as rising powers in global politics in spite of tension between them ? Substantiate your answer by giving any **four** events that have brought cordiality in their relationship. $4 \times 1 = 4$

भारत तथा चीन के सम्बन्धों में तनाव के बावजूद, दोनों विश्व की राजनीति में अपने आप को महत्त्वपूर्ण नायक क्यों समझते हैं ? अपने उत्तर की पुष्टि के लिए किन्हीं **चार** घटनाओं का वर्णन कीजिए जिन्होंने दोनों देशों के बीच सम्बंधों में सौहार्द स्थापित किया है ।

23. Name the countries included in South Asia. How can peace and co-operation be enhanced in this region ? 2 + 2 = 4

दक्षिण एशिया में कौन-कौन से देश सम्मिलित हैं ? इस क्षेत्र में शांति तथा सहयोग को कैसे बढ़ाया जा सकता है ?

24. Explain the role of emerging alternative centres of power in transforming the different countries into prosperous economies. 4

सत्ता के उभरते हुए वैकल्पिक केन्द्रों द्वारा विभिन्न देशों में समृद्धशाली अर्थव्यवस्थाओं का रूप देने में निभाई गई भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

25. Explain India's stand on environmental issues. What steps have been suggested by India in this respect ? **2 + 2 = 4**

पर्यावरणीय मुद्दों पर भारत के पक्ष की व्याख्या कीजिए । इस संदर्भ में भारत द्वारा कौन-कौन से कदम उठाए जाने के सुझाव दिए गए हैं ?

26. What is meant by globalisation ? List any **two** forms of resistance to globalisation. **2 + 2 = 4**

वैश्वीकरण से क्या अभिप्राय है ? वैश्वीकरण के प्रतिरोध के किन्हीं **दो** रूपों को सूचीबद्ध कीजिए ।

27. What is meant by opposition in a democratic system ? Describe any **two** activities of the opposition during the first two Parliaments of 1952 and 1957. **2 + 2 = 4**

लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोधी पक्ष से क्या अभिप्राय है ? 1952 तथा 1957 की पहली दो संसदों के दौरान विरोधी पक्ष की किन्हीं **दो** गतिविधियों का वर्णन कीजिए ।

28. Explain any **four** characteristics of the Non-Aligned Movement. **4 × 1 = 4**

गुट-निरपेक्ष आंदोलन के किन्हीं **चार** लक्षणों की व्याख्या कीजिए ।

29. Match the names of the founders given below with the political parties they founded : **4 × 1 = 4**

| | **Founders** | | **Political Parties** |
|---|---|---|---|
| (a) | C. Rajgopalachari | (i) | Telugu Desham Party |
| (b) | Deen Dayal Upadhayaya | (ii) | Swatantra Party |
| (c) | N.T. Rama Rao | (iii) | Lok Dal |
| (d) | Ch. Charan Singh | (iv) | Bhartiya Jana Sangh |

निम्नलिखित संस्थापकों के नामों तथा उनके द्वारा संस्थापित राजनीतिक दलों में मेल मिलाइए :

| | **संस्थापक** | | **राजनीतिक दल** |
|---|---|---|---|
| (क) | सी. राजगोपालाचारी | (i) | तेलगुदेशम पार्टी |
| (ख) | दीनदयाल उपाध्याय | (ii) | स्वतंत्र पार्टी |
| (ग) | एन.टी. रामाराव | (iii) | लोक दल |
| (घ) | चौधरी चरणसिंह | (iv) | भारतीय जनसंघ |

30. On the given political map of **India**, **five** States of tension from 1947 to 2006 have been marked as A, B, C, D and E. Identify any **four** States and write their names in your Answer-Book against A, B, C, D and E respectively. **4 × 1 = 4**

**भारत** के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर 1947 से 2006 तक के तनाव के **पाँच** राज्यों को A, B, C, D तथा E द्वारा अंकित किया गया है । इनमें से किन्हीं **चार** राज्यों को पहचान कर, उनके नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में क्रमश: A, B, C, D तथा E के सामने लिखिए ।



**For Blind Candidates Only** in lieu of Q. No. **30**, answer the following question :
Mention the names of any **four** states of tension from 1947 to 2006 and write their capitals also. **2 + 2 = 4**

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर, निम्न प्रश्न का उत्तर दीजिए :
1947 से 2006 तक किन्हीं **चार** तनाव के राज्यों के नामों का उल्लेख कीजिए तथा उनकी राजधानियाँ भी लिखिए ।

31. Evaluate any **six** consequences of the disintegration of the Soviet Union. **6 × 1 = 6**

सोवियत संघ के विघटन की किन्हीं **छः** परिणतियों का मूल्यांकन कीजिए ।

**OR/अथवा**

Analyse any **three** points of criticism and any **three** core values and enduring ideas related to the Non-Aligned Movement. **3 + 3 = 6**

गुट-निरपेक्ष आंदोलन की आलोचना के किन्हीं **तीन** बिंदुओं तथा किन्हीं **तीन** आधारभूत मूल्यों और विचारों का विश्लेषण कीजिए ।

32. Assess any **six** steps suggested since 2005 to make the United Nations more relevant in the changing context. **6 × 1 = 6**

बदलते परिवेश में संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए 2005 से सुझाए गए किन्हीं **छः** सुधारों का आकलन कीजिए ।

**OR/अथवा**

What is meant by security ? Evaluate the role of any **four** new sources of threat to security. **2 + 4 = 6**

सुरक्षा से क्या अभिप्राय है ? सुरक्षा को होने वाले खतरे के किन्हीं **चार** नए स्रोतों की भूमिका का आकलन कीजिए ।

33. Read the paragraph given below carefully and answer the following questions :

We have a Muslim minority who are so large in numbers that they cannot, even if they want, go anywhere else. That is a basic fact about which there can be no argument. Whatever the provocation from Pakistan and whatever the indignities and horrors inflicted on non-Muslims there, we have got to deal with this minority in a civilised manner. We must give them security and the rights of citizens in a democratic State. If we fail to do so, we shall have a festering sore which will eventually poison the whole body politic and probably destroy it.

*Jawaharlal Nehru, Letter to Chief Ministers, 15 October 1947.*

(a) In spite of indignities and horrors inflicted on non-Muslims by Pakistan, why Jawaharlal Nehru wanted to deal with the Muslim minority in a civilised way ?

(b) Why this minority should be given the security and rights on the same footing as to all others in a democratic system.

(c) If this minority was not provided security and rights what kind of scenario is envisaged ? **2 + 2 + 2 = 6**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा दिए गए निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भारत में मुसलमान अल्पसंख्यकों की तादाद इतनी ज़्यादा है कि वे चाहें तब भी यहाँ से कहीं ओर नहीं जा सकते। यह एक बुनियादी तथ्य है और इस पर कोई अँगुली नहीं उठाई जा सकती। पाकिस्तान चाहे जितना उकसावा दे या वहाँ के गैर-मुस्लिमों को अपमान और भय के चाहे जितने भी घूँट पीने पड़े, हमें अपने अल्पसंख्यकों के साथ सभ्यता और शालीनता के साथ पेश आना है । लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था में हमें उन्हें नागरिक के अधिकार देने होंगे और उनकी रक्षा करनी होगी । अगर हम ऐसा करने में कामयाब नहीं होते तो यह एक नासूर बन जाएगा जो पूरी राज-व्यवस्था में ज़हर फैलाएगा और शायद उसको तबाह भी कर दे ।

*- जवाहरलाल नेहरू, मुख्यमंत्रियों को एक पत्र में, 15 अक्तूबर 1947*

(क) पाकिस्तान चाहे कितना भी उकसाए या वहाँ के गैर-मुस्लिमों को अपमान और भय के चाहे कितने भी घूँट पीने पड़े, ऐसे व्यवहार के पश्चात भी जवाहरलाल नेहरू भारत के मुस्लिम अल्पसंख्यकों के प्रति सभ्यता और शालीनता के साथ क्यों पेश आना चाहते हैं ?

(ख) उपरोक्त वर्णित अल्पसंख्यक वर्ग को सुरक्षा तथा अधिकार, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्य भारतीयों को दिए जाते हैं, क्यों दिए जाएँ ?

(ग) यदि इस अल्पसंख्यक वर्ग को यह सुरक्षा और अधिकार न दिए जाएं, तो परिदृश्य कैसा होगा ?

**OR/अथवा**

Explain any **three** challenges that India faced at the time of her independence. **3 × 2 = 6**

स्वतंत्रता के समय, भारत के समक्ष आई किन्हीं **तीन** चुनौतियों की व्याख्या कीजिए ।

34. Examine the grave economic crisis prior to the fourth general election of 1967. Assess the verdict of the electorate based on the election. **3 + 3 = 6**

1967 के चौथे आम चुनाव से पहले के गम्भीर आर्थिक संकट का परीक्षण कीजिए । इस निर्वाचन के आधार पर निर्वाचकों के जनादेश का आकलन कीजिए ।

**OR/अथवा**

Analyse any **three** reasons for imposing emergency on 25th June, 1975. Did the government misuse its emergency powers ? Give any **three** arguments in support of your answers. **3 + 3 = 6**

25 जून, 1975 को लागू किए गए आपातकाल के किन्हीं **तीन** कारणों का विश्लेषण कीजिए । क्या सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का दुरुपयोग किया था ? अपने उत्तर के पक्ष में कोई **तीन** तर्क दीजिए ।

35. From 1989 to 2004, there have been nine coalition governments in India. Analyse the rise and fall of any **two** such coalition governments. **3 + 3 = 6**

1989 से 2004 तक, भारत में नौ गठबंधन-सरकारें बनी हैं । इनमें से किन्हीं **दो** गठबंधन की सरकारों के उत्थान तथा पतन का विश्लेषण कीजिए ।

**OR/अथवा**

"The end of eighties of the 20th century witnessed developments which made a long lasting impact on Indian politics." Assess any **three** such developments. **3 × 2 = 6**

"बीसवीं शताब्दी के आठवें दशक के अंत में, हमारे देश में अनेक घटनाओं को घटते देखा गया है, जिन्होंने भारतीय राजनीति पर गहरी छाप छोड़ी है ।" ऐसी किन्हीं **तीन** घटनाओं का आकलन कीजिए ।

---